दिन—शुक्रवार दिनांक— 25 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि— 05 मिनट

---

विधानमंडल के मॉनसून सत्र के आज अंतिम दिन भी विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान, एसआईआर समेत अन्य मुद्दों को लेकर विधानसभा और विधान परिषद दोनों ही सदनों में गतिरोध की स्थिति बनी हुई है। हंगामे के कारण विधानसभा की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक स्थगित कर दी गयी। सुबह ग्यारह बजे विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने पर राष्ट्रीय जनता दल, कांग्रेस, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी—माले और अन्य विपक्षी दल सदन के बीचोंबीच आ गए और मतदाता सूची जांच के मुद्दे पर सरकार के विरूद्ध नारेबाजी करने लगे। हंगामा जारी रहने पर अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी। सदन में उपस्थित मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी विपक्षी सदस्यों के व्यवहार की आलोचना की। बिहार विधानसभा के मॉनसून सत्र का आज अंतिम दिन है। यह सत्रहवीं बिहार विधानसभा का अंतिम सत्र भी है। पिछले पांच दिनों से विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के कारण सदन की कार्यवाही बाधित हो रही है।

———————————————————————

इधर, विधान परिषद में भी आज पहली पाली मात्र ग्यारह मिनट ही चल सकी। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सदस्य मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के विरोध में नारेबाजी करते हुए सदन के बीचो बीच आ गए। सभापति अवधेश नारायण सिंह के बार—बार अनुरोध के बावजूद हंगामा शांत नहीं हुआ। इस बीच, सदन पहुंचे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी नारेबाजी कर रहे सदस्यों से सीट पर बैठ कर अपनी बात रखने की अपील की। बावजूद इसके हंगामा शांत नहीं हुआ। इसके बाद सभापति ने सदन की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

———————————————————————

इधर, लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही भी एसआईआर समेत विभिन्न मुद्दों पर विपक्ष के हंगामे के कारण बाधित हुई। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रश्नकाल चलाने का प्रयास किया लेकिन विपक्षी सदस्य सदन के वेल में आकर बिहार में विशेष

गहन पुनरीक्षण सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की मांग करने लगे। शोरशराबे के बाद अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही दो बजे तक स्थगित कर दी। इधर, राज्यसभा में भी विभिन्न मुद्दों पर विपक्ष के हंगामे के बाद पीठासीन अधिकारी घनश्याम तिवारी ने सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी।

———————————————————————————

निवार्चन आयोग ने कानून और न्याय मंत्री के परामर्श से राज्यसभा के महासचिव को उपराष्ट्रपति के निर्वाचन के लिए चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है। आयोग ने राज्यसभा सचिवालय के संयुक्त सचिव और निदेशक को उपराष्ट्रपति चुनाव के लिये सहायक चुनाव अधिकारी बनाया है। संविधान की धारा– तीन सौ चौबीस के तहत निर्वाचन आयोग को भारत के उपराष्ट्रपति का चुनाव कराने का अधिदेश प्राप्त है।

———————————————————————————

बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव के कारण राजधानी पटना सहित आज प्रदेश के कई भागों में बारिश हुई। इससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान पटना, औरंगाबाद, नवादा, कैमूर, बेगूसराय, सीवान, पूर्वी और पश्चिमी चंपारण में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा भी चल सकती है। विभाग ने अगले अड़तालीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकांश भागों के अधिकतम तापामन में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की गिरावट की संभावना जताई है।

———————————————————————————

गंगा, गंडक, बूढ़ी गंडक और कोसी समेत राज्य से होकर गुजरने वाली विभिन्न नदियों के जलस्तर में हो रही बढ़ोतरी को देखते हुये जल संसाधन विभाग ने तटबंधों की निगरानी बढ़ा दी है। बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित होने वाले दस जिलों में तटबंधों की सुरक्षा के लिए छह हजार कर्मियों की तैनाती की गयी है। विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल ने बताया कि आवश्यकता होने पर और अधिक सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की जायेगी। उन्होंने बताया कि रात में भी तटबंधों की पेट्रोलिंग की जा रही है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।